शिवमंदिरों का ईओ ने किया निरीक्षण

फतेहपुर | हिन्दुस्तान संवाद

सावन के पहले सोमवार को देखते हुए ईओ ने शुक्रवार को शहर के तांबेश्वर रोड व मोटे महादेवन मंदिर का निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर में आने और जाने का रास्ता, साफ सफाई को देखा। कर्मचारियों को निर्देशित किया कि रविवार तक हर हाल में साफ सफाई व गड्ढे भर जाने चाहिए।

ईओ रश्मि भारती ने मोटेमहादेवन मंदिर के रास्ते का निरीक्षण क रते हुए मंदिर के आस पास साफ सफाई की जानकारी ली। इसके बाद ताबेश्वर रोड के आस पास निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मंदिर जाने के रास्ते में काफी गड्ढे है जिन्हें हर हाल में पूरा करवा ले और मंदिर के चारों ओर साफ सफाई करवा ले। दो दिन बाद सावन का पहला सोमवार पड़ रहा है। जिसमें शहर से लेकर गांव गलियारों तक के लोग दर्शन करने आते है। इसलिए रविवार तक सभी बिंदुओं पर काम पूरा कर ले ताकि लोगो को दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने सफाई प्रभारी को निर्देशित किया कि रविवार की सुबह तक हर हाल में गड्ढे व साफ सफाई का काम पूरा हो जाए।

मोटेमहादेव मंदिर की निरीक्षण करने पहुंची ईओ व पालिका टीम। • हिन्दुस्तान

बदहाल सड़कों से दर्शन को जाएंगे श्रद्धालु

सावन महीनें के पहले सोमवार को शिवमदिरों में भगवान शिव के दर्शन को लंबी लाइन लगेगी। लेकिन पहले सोमवार को देखते हुए नगरपालिका प्रशासन ने व्यवस्थाएं चाक चौबंद नहीं है। जिससे दर्शनार्थियों को गड्ढायुक्त सडक से होकर दर्शन करने जाना पड़ेगा। शहर में दो बड़े शिव मंदिर तांबेश्वर और मोटे महादेवन है। यहां पर भगवान शिव की पूजा करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगती है। लेकिन पालिका ने कोई पुख्ता इतंजाम नहीं कि या। अभी भी गड्ढायुक्त सड़क है। उन सड़कों में ईंटे डलवाई गई है। जिससे लोगों को चोट भी लग सकती है।

तांबेश्वर मंदिर को जाने वाला क्षतिग्रस्त मार्ग बढ़ाएगा परेशानी।